भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.02.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 840 का उत्तर

सुपरफास्ट रेलगाड़ियों का छोटे स्टेशनों पर ठहराव

840. श्रीमती क्वीन ओझा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) **क्या गुवाहाटी में ऐसे कई छोटे लेकिन व्यस्त रेलवे स्टेशन हैं जहां सुपरफास्ट रेलगाड़ियों, एक्सप्रेस रेलगाड़ियों और राजधानी एक्सप्रेस के लिए ठहराव नहीं है, और जिसके कारण यात्रियों को पहले गुवाहाटी या कोलकाता जाना पड़ता है और फिर अपनी आगे की यात्रा शुरू करनी पड़ती है और यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्य क्या हैं;**

(ख) **क्या सरकार सुपरफास्ट रेलगाड़ियों, एक्सप्रेस रेलगाड़ियों, राजधानी एक्सप्रेस और अन्य सुपरफास्ट रेलगाड़ियों को ठहराव देने हेतु दुधनोई रेलवे स्टेशन, ठाकुरकुची रेलवे स्टेशन, नारंगी रेलवे स्टेशन आदि जैसे छोटे लेकिन व्यस्त रेलवे स्टेशनों की पहचान करने पर विचार कर रही है;**

(ग) **यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

(घ) **यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?**

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): राजधानी एक्सप्रेस और अन्य सुपरफास्ट रेलगाड़ियां प्रीमियम गाड़ी सेवाएं हैं जिनका परिचालन मार्ग में सीमित ठहरावों के साथ होता है। बहरहाल, भारतीय रेल में गाड़ियों का ठहराव एक सतत् प्रक्रिया है जो यातायात के औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता आदि पर निर्भर करता है।

****

s.k